an>

Title: Need to improve the standard of higher education in the country.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : पिछले कई वर्षों से देश में उच्च शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। इसका मुख्य कारण उत्तर प्रदेश सहित देश के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में शिक्षकों के हजारों रिक्त पदों को न भरा जाना है। जिस प्रकार शिक्षण कार्य की जिम्मेदारी मानदेय अथवा रिटायर्ड शिक्षकों को दी जा रही है, उससे यह स्थिति और भी भयावह हो रही है।

शैक्षिक सत्र समय पर नहीं चल रहे हैं। परीक्षाएं समय पर नहीं हो रही है। प्रैक्टिकल परीक्षाएं तो राम भरोसे चल रही है। रिसर्च कार्यों में विराम सा लग गया है। जो छात्र 12वीं पास करने के बाद महाविद्यालयों में प्रवेश लेते हैं, उन्हें जब वस्तुस्थिति का पता चलता है, तो वे अपने को ठगा हुआ सा महसूस करते हैं।

मैं माननीया मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे उपरोक्त स्थिति को विस्फोटक होने से बचाने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें जिससे छात्रों के ज्ञान को बढ़ाया जा सके और रोजगार के नए अवसर खुल सकें।